संक्षिप्त

सेफ्टी सेमिनार आज

फुलेरा, (निसं)। स्थानीय रेल परिसर स्थित वरिष्ठ अभियन्ता सिग्नल कार्यालय फुलेरा पर मंगलवार को सेफ्टी सेमिनार का आयोजन वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर किशन स्वरूप की अध्यक्षता में किया जाएगा। जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी संतोष कुमार विजय के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी वरिष्ठ सिग्नल अभियंता अभिषेक दीक्षित के द्वारा दी गई। वहीं आगे बताया कि कार्यक्रम के दौरान रेल कार्य में सेफ्टी से संबधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और जानकारी दी जाएगी।

सूर्य प्रकाश गौतम अध्यक्ष बने

चौरु/उनियारा, (निसं)। सोमवार को चामुंडा माता परिसर उनियारा में फोटोग्राफी एसोसिएशन उनियारा की योगेंद्र कुमावत की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित की गई। कार्यकारिणी गठित कर सूर्य प्रकाश गौतम को अध्यक्ष, अरुण कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष, मनोज कुशवाह को सचिव, नंदलाल सैनी, योगेंद्र कुमावत को कोषाध्यक्ष, सूरज कुशवाह, रवि खींची मीडिया प्रभारी ,सच्चिदानंद शर्मा विधि सलाहकार पद पर नियुक्त किए गए । बैठक में इंद्रजीत बना, नफीस अहमद, राधाकिशन मीणा ,महावीर गुर्जर, योगेश खींची, रिजवान खान, हरेंद्र कुमावत, शिवजी लाल कैलाश सैनी नाहरा ,कमलेश जाट, नरेंद्र सैनी, प्रवीण महावर ,महेश कुशवाह, हनुमान प्रजापत, विक्रम बना आदि कई फोटोग्राफर मौजूद रहे।

विद्युत निगम ने बकाया राशि वसूली

खैरथल, (निसं)। विद्युत निगम के खैरथल उपखंड क्षेत्र में पुराने कटे हुए कनैक्शनों की बकाया राशि वसूलने की कार्यवाही शुरू कर दी है। उपखंड के सहायक अभियंता (एंड एम) ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने चालाकी से दूसरे नाम से नया कनेक्शन ले लिया है या अन्य स्थानों पर कनेक्शन ले लिया है उनके रिकार्ड निकाल कर बकाया राशि वसूलने के लिए गहन छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनकी बकाया राशि चालू कनेक्शन के बिल में जोड़ कर वसूली की जा रही है और अब तक 56 उपभोक्ताओं की बकाया राशि नये बिलों में जोड़ दी है।

भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए तीन पार्षद आठ दिन से धरने पर

अलवर, (निसं)। अलवर में नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाते हुए 8 दिन से नगर परिषद परिसर में 3 पार्षद धरने पर बैठे हैं।

सोमवार को पार्षदों को समझाने गए अधिकारियों-कर्मचारियों की उनसे बहस हो गई। इसके बाद अधिकारी-कर्मचारी भी कार्य बहिष्कार कर परिषद परिसर में धरने पर बैठ गए। लेकिन कुछ कमरों के ताले लगा दिए। लेकिन कमिश्नर के आने के बाद कर्मचारी वापस सीट पर आ गए।

■ पार्षदों को समझाने गए अधिकारियों-कर्मचारियों की उनसे हुई बहस

अलवर में नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही का आरोप लगाते हुए 8 दिन से नगर परिषद परिसर में 3 पार्षद धरने पर बैठे हैं।

कर्मचारी-अधिकारी बोले कि पार्षदों ने उनके साथ गलत बर्ताव किया है। जबकि वे समझाइश करने गए थे। पार्षद बोले कि जब उनके बडे अधिकारियों से वार्ता विफल हो चुकी है तो वे सोची समझी साजिश रचकर आए थे। यह सब कमिश्नर के इशारे पर हुआ है।

पार्षद सोनू चौधरी ने कहा कि अब कर्मचारी व अधिकारियों की भ्रष्टाचार की पोल खोलकर ही धरने से उठेंगे। उनके एक-एक भ्रष्टाचार के सबूत हैं। कर्मचारी व अधिकारियों ने जानबूझकर साजिश रचते हुए उनके धरने को फेल करना चाहा। लेकिन अब दूसरे पार्षदों से बात कर यहां बडा विरोध करेंगे। उधर, कर्मचारी-अधिकारियों की ओर से एईएन राजकुमार सैनी ने कहा कि हम पार्षदों से समझाइश करने गए थे। लेकिन वहां उनके साथ गलत बर्ताव किया गया। उनके व्यवहार से नाराज होकर सब कर्मचारी व अधिकारी धरने पर बैठ गए हैं। कार्य का बहिष्कार कर दिया है। उधर, पार्षद सोनू चौधरी, धर्मपाल तंवर व रमेश चंद सैनी 8 दिन से धरने पर बैठे हैं। सभापति घनश्याम गुर्जर ने कहा कि कार्य बहिष्कार की अभी जानकारी मिली। इसके लिए अनुमति नहीं ली गई। कमिश्नर से घटना की जानकारी मांगी है। परिसर में बिना अनुमति के कार्य बहिष्कार करना अनुशासनहीनता है।

औषधालय क्रमोन्नत होगा

देवली, (निसं)। सोमवार को यहां आयुर्वेदिक चिकित्सालय के चिकित्सक से जानकारी मिली कि अब देवली शहर का आयुर्वेद औषधालय ब्लॉक स्तर के चिकित्सालय में क्रमोन्नत होने जा रहा है।

ब्लॉक आयुष चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने हेतु वर्तमान में उपलब्ध संसाधनों यथा भवन, फर्नीचर, उपकरण कंप्यूटर इत्यादि सुविधाएं हेतु सरकार को लिखा गया है। डॉक्टर पीएल जांगिड़ ने बताया कि आयुष नीति 2021 के मापदंडों के अनुरूप भवन उपकरण आदि हेतु लगभग 4,80 करोड़ रुपए का वित्तीय प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भिजवा दिया गया है। वित्तीय प्रस्ताव स्वीकृति होने पर आगामी वर्षों में चरणबद्ध तरीके से निर्धारित मापदंडों के अनुरूप चिकित्सालय को विकसित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर स्थापित होने के बाद यहां आयुष चिकित्सालय में एक वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक अधिकारी, एवं चार आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी, एक यूनानी चिकित्सक अधिकारी एक होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, दो वरिष्ठ आयुर्वेद नर्स कंपाउंडर, 6 कनिष्ठ आयुर्वेद नर्स कंपाउंडर, एक कनिष्ठ यूनानी नर्स कंपाउंडर, एक कनिष्ठ होम्योपैथिक नर्स कंपाउंडर, एक कनिष्ठ सहायक, सहित कुल 18 पदों का सृजन होगा।

किसानों को दिन में बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में सोमवार को चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई की गई। जहां चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा प्राप्त विभिन्न समस्याओं के तुरंत निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

जन सुनवाई के दौरान किसानों द्वारा रात्रि के बजाय दिन में बिजली आपूर्ति की मांग पर चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा मौके पर ही बिजली अधिकारियों को किसानों के लिए दिन में बिजली आपूर्ति कराने के लिए निर्देश जारी किए गए। जहां बिजली विभाग के सहायक अभियंता राधेश्याम मीणा द्वारा मौजूदा समय के हालातों को देखते हुए पूरी तरह दिन में बिजली आपूर्ति पर असमर्थता जाहिर की गई। जन सुनवाई के दौरान वार्ड 4 की अल्पसंख्यक महिलाओं द्वारा सडक एवं वाटर ड्रेनेज सिस्टम से जुडी समस्याओं से अवगत कराया। जनसुनवाई में भाजपा पार्षद लक्ष्मी नारायण शर्मा के नेतृत्व में वार्ड नंबर 25 नेहरू कॉलोनी व कृष्णा कॉलोनी में पेयजल समस्याओं को अवगत कराते हुए कॉलोनी में पाइप लाइन डलवाने की मांग की गइ। इसे लेकर मंत्री मीणा द्वारा इसकी जल्द ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया गया। जन सुनवाई के दौरान डीडवाना ग्राम पंचायत के जमाबंदी अपना खाता डिलीट होने के चलते केसीसी एवं फसल बीमा आदि का कार्य बाधित होने से अवगत कराते हुए समस्या समाधान की मांग की गई। जन सुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी विजेंद्र सिंह मीणा, प्रधान एडवोकेट नाथूलाल मीणा, तहसीलदार मदनलाल मीणा, निर्झरना तहसीलदार सीमा घुणावत, बिजली विभाग के एईएन राम नरेश मीणा, राधेश्याम मीणा, पीएचइडी एईएन जालंधर मीणा, एईएन हरकेश मीना आदि कई अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

■ चिकित्सा मंत्री मीणा ने ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई की

विधायक को नववर्ष की बधाइयां देने लगा तांता

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर ने भूरी भडाज स्थित निवास स्थान पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और सबन्धित अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता से निपटान करने के निर्देश दिये।

■ विधायक गुर्जर ने इस दौरान जन सुनवाई की बाद में धर्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया

विधायक इन्द्राज गुर्जर ने ग्राम बागावास अहिरान स्थित गौशाला में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की।

वहीं रविवार सुबह से ही विराटनगर क्षेत्रीय विधायक इंद्राज गुर्जर के आवास पर नववर्ष की बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। आवास पर पहुंचे समर्थकों ने विधायक इंद्राज गुर्जर को फूल गुलदस्ता और मिठाई भेंट करते हुए नववर्ष की बधाई दी। वहीं विधायक ने भी नववर्ष के अवसर पर सभी को बधाई देते हुए उनके लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि नववर्ष 2023 सभी के जीवन में खुशहाली लाए सभी तरक्की करें।

वहीं विधायक इन्द्राज गुर्जर ने हरि किशनपुरा में आरके जनसेवा समिति द्वारा आयोजित कबड्डी-प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हो कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही विजेता टीम आमेर एवं उप विजेता विराटनगर टीम को पुरस्कृत कर समानित किया। इस मोके पर जरूरतमंदों को कबल वितरित किये। वहीं विधायक इन्द्राज गुर्जर ने ग्राम बागावास अहिरान स्थित गौशाला में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत कर गौमाता का आशीर्वाद लिया।

सार-समाचार

रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। सर्व समाज की ओर से मां सावित्री बाई ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर कस्बे के सीकर बाजार स्थित स्टेप बाय स्टेप इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के महेश सैनी व अन्य ने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हेलमेट दिया जाएगा। शिविर को सफलतम बनाने के लिए आयोजन समिति ने क्षेत्र के गांवों व श्रीमाधोपुर शहर में रक्तदान के प्रति जागृति लाने के लिए जगह-जगह पोस्टर विमोचन कराये गये व विद्यालयों व कॉलेजों में छात्रों से संपर्क कर रक्तदान करने का आव्हान किया। रक्तदान शिविर के पोस्टर विमोचन की कडी में सोमवार को उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़, पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी, ग्राम पंचायत बागरियावास के सरपंच पृथ्वीपुरा निवासी सरपंच केसर सिंह शेखावत, स्वतंत्र सेनानी कालिदास ने भी पोस्टर का विमोचन किया। इसी तरह मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बीसीएमओ डॉ. राजेश मंगावा व कार्यालय स्टाफ की उपस्थिति में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सुरेश सैनी अशोक सोनी भंवर स्वामी सागर कुमावत आदि उपस्थित थे।

ओम माथुर को जन्मदिन की बधाई दी

किशनगढ़ बास, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता व केंद्रीय चुनाव संचालन समिति के सदस्य ओम माथुर को जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने माथुर के साथ बाबा सोमनाथ मंदिर के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर देश व क्षेत्र के लोगों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने बताया कि ओम माथुर के जन्मदिन पर दिल्ली पहुंचकर बधाई दी और बाबा सोमनाथ मंदिर के दर्शन करने व पूजा करने का सौभाग्य मिला। माथुर यादव के राजनीतिक गुरु हैं। यादव जन्मदिन पर अपने राजनीतिक गुरु माथुर का आशीर्वाद लेना कभी नहीं छोड़ते हैं फिर चाहे इसके लिए उन्हें देश के किसी भी कोने में जाना पड़े। यादव ने बताया कि जन्मदिन पर माथुर को बधाई देने के लिए देशभर के अलग-अलग राज्यों से उनके चाहने वाले बधाई देने के लिए सोमनाथ मंदिर पहुंचे थे।

'शिक्षा के बिना जीवन अधूरा'

निवाई, (निसं)। स्थानीय मीणा छात्रावास में सोमवार को संत श्रीराम महाराज धूमधाम से सतसंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैलाश मीणा प्रताप मास्टर लक्ष्मीनारायण, रामफूल मीणा, मीठालाल राजू, पांचाल रामअवतार, बुद्धिप्रकाश, जगदीश, राकेश लाइनमैन, राजू लाल मांगीलाल, रामकेश, मुकुट मीणा, शंकर मीणा, सहित कई ग्रामवासी व डिंग की ढाणी के लोग मौजूद रहे। इस दौरान संत श्रीराम ने भक्तों को जागरूक करते हुए बताया कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने आव्हान किया कि शिक्षा पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देंवें व शराब, गांजा, भांग व धतूरा सहित किसी भी प्रकार का नशा नहीं करें एवं अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करे।

नवीन कार्यकारिणी का गठन

अलवर, (निसं)। अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल बावलिया ने बताया कि डॉ. सचिन अग्रवाल को अध्यक्ष पद के लिए सभी फिजियोथेरेपिस्ट की सहमति के बाद निर्विरोध मनोनित किया गया। कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक पद पर डॉ. सतीश शर्मा, सचिव डॉ. संदीप सैनी, सह सचिव डॉ.पीयुष शर्मा, अभिनव सक्सेना, उपाध्यक्ष डॉ. राहुल जैन, डॉ. जितेन्द्र सैनी, कोषाध्यक्ष डॉ. मनमोहन शर्मा, डॉ. गौतम, कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनुराधा को चुना गया। नवनिर्वाचित फिजियोथेरपिस्ट अध्यक्ष डॉ. सचिन अग्रवाल ने कहा कि संगठन हित में काम करते हुए आमजन को फिजियोथेरेपी के होने वाले फायदों के बारे में जागरूक किया जायेगा।

राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टि की

अलवर, (निसं)। सीआरपीएफ में सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव की राजकीय सम्मान के साथ अन्त्येष्टि उनके पैतृक गांव बानसूर तहसील के बाबरिया में हुई। उद्योग मंत्री शकुन्तला रावत व उपखण्ड अधिकारी राहुल सैनी, पुलिस उपाधीक्षक सुनील जाखड़ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्ध व्यक्तियों ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि कृष्ण कुमार यादव असम के कोकराझार में सीआरपीएफ में सहायक उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे वहां उनकी हृदयघात से मृत्यु हो गई थी।

उपखंड अधिकारी सम्मानित

श्रीमाधोपुर, (निसं)। स्वतंत्रता सेनानी कालिदास स्वामी एवं दिलीप सिंह राठौड़ उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर का देविका संस्थान छीलावाली द्वारा स्वामी का समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए व उपखंड अधिकारी राठौड़ का राजकीय कार्य में उत्कृष्ट कार्यों के लिए शाल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक मक्खन लाल सैनी, पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी, संस्था के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सैनी , सुरेश सैनी, सागर मल सैनी, महेश सैनी मौजूद रहे।

वर्धमान सागर महाराज का मंगल विहार

निवाई, (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ का सन्त निवास नसियां जैन मंदिर से गाजे-बाजे के साथ गांव रजवास के लिए मंगल विहार हुआ। आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ निवाई से विहार करके रजवास, बगडी, पीपलू व लावा होते हुए किशनगढ पहुंचेंगे। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि विहार से पूर्व सुबह नसियां जैन मंदिर पर श्रद्धालुओं ने मूलनायक भगवान शांतिनाथ के अभिषेक कर शांतिनाथ की शांतिधारा की एवं पूजा अर्चना की।

जन आक्रोश महासभा के लिए घर-घर बांटे पीले चावल

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधानसभा की 4 जनवरी को विराटनगर में जनआक्रोश महासभा आयोजित होगी। महासभा में भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया सभा को संबोधित करेंगे।

जन आक्रोश महासभा को सफल बनाने के लिए भाजपा एससी मोर्चा द्वारा विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर पीले चावल बांटे गए। इस दौरान जिला महामंत्री बद्री प्रसाद चौहान, जिला पार्षद तेजपाल धनवाडिया, पावटा बालाजी मंडल महामंत्री एससी मोर्चा कैलाश मंडल, अध्यक्ष सरदारमल बुनकर, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष बनवारी बुनकर, विराटनगर शहर अध्यक्ष महेश वर्मा, बाणगंगा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद बुनकर, जिला उपाध्यक्ष चेतराम मेघवाल सहित एससी मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने मिलकर अधिक से अधिक संख्या में महासभा में आने का आव्हान किया।

■ कांग्रेस के भ्रष्टाचार और जंगलराज से आम जनता आहत : हरिप्रसाद

वहीं जनाक्रोश महासभा को लेकर त्रिवेणी मंडल के ग्राम साईवाड, नाथावाला, बाडीजोडी, चिमनपुरा, छापुडा कला, छापुडा खुर्द, गोविंदपुरा धाबाई, जाजेंकला, रामपुरा, भाबरु, जवानपुरा, बागावास चौरासी, गुर्जरपुरा, सुरपुरा, ढाणी गैसकान सहित आस-पास के गांवों में भाजपा नेता हरिप्रसाद बल्लीवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा, मंडल महामंत्री श्याम लाल काकोडिया, मंडल महामंत्री बनवारी लाल यादव, मंडल महामंत्री संतोष जाजोदर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं पूर्व सरपंच जयसिंह पारीक, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बाबूलाल सैनी, हरी टोकस, जगदीश यादव, सरदारमल यादव, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकरण गुर्जर, जगदीश व्यापारी, राकेश कुमार सैनी, प्रमोद सैनी, मंडल उपाध्यक्ष सिंबू स्वामी युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामकिशन रूंडला, पूरन लील, रामस्वरूप योगी गोविंद जांगिड, अनुसूचित जनजाति जिला मंत्री साधुराम मीणा सहित अनेक कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में जन संपर्क कर जनसभा में पहुंचने का आव्हान किया।

इस दौरान भाजपा नेता हरिप्रसाद बल्लीवाल ने बताया कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार और जंगलराज से आम जनता बेहद आहत है। महासभा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, अलवर सांसद बालक नाथ, पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना, जितेंद्र गोठवाल, जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ मुख्य वक्ता के रूप मे सभा को संबोधित करेंगे।

जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया

गोविंदगढ़/अलवर, (निसं)। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटक्शन बिल को लेकर जागरूक नागरिकों एवं संस्थाओं की ओर से ब्लॉक संसाधन व्यक्ति निशा बाई सैनी, लक्ष्मी व ग्राम संसाधन व्यक्ति राजेश कुमार सैनी, गुमान सिंह व अन्य के द्वारा तहसीलदार विनोद कुमार मीणा को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सामाजिक अंकेक्षण सदस्यों द्वारा बताया गया कि बिल पारित करने से पूर्व इसका अंग्रेजी के अलावा विभिन्न भाषाओं में प्रचार-प्रसार जनसंवाद करना आवश्यक है। जनता के सुझावों को विभिन्न माध्यमों से भिजवाए जाने की व्यवस्था आवश्यक रूप से की जानी चाहिए।

ज्ञापन में बताया गया कि इस बिल में कई प्रावधान ऐसे हैं जो सूचना के अधिकार को कमजोर करते हैं तथा व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित करने में सक्षम नहीं है। बिल के लिए पारदर्शी प्रक्रिया आवश्यक रूप से अपनाई जानी चाहिए।

विधायक नागर ने सड़क का शिलान्यास

बोराज, (निसं)। कस्बे के ग्राम सुरपुरा में सोमवार को मुख्यमंत्री सलाहकार एवं दूदू विधायक बाबूलाल नागर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सड़क शिलान्यास समारोह में विधायक नागर का ग्राम वासियों ने 101 फीट लंबा साफा बंधवा कर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

■ 81 लाख रुपए की लागत से तीन किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी

विधायक नागर ने मुख्यमंत्री बजट योजना में स्वीकृत 81 लाख रुपए की लागत से सुरपुरा गौशाला से छोटा सुरपुरा वाया बलाइयों की ढाणी 3 किलोमीटर लंबी सड़क की शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने बजट घोषणा में बिचून, गुढाबेरसल, बोराज तक 30 किलोमीटर लम्बे सड़क मार्ग की मांग रखने को कहा जिससे क्षेत्र से जयपुर जाने के लिए दो विकसित मार्ग लोगों को उपलब्ध रहेंगे। ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या पर कहा क्षेत्र में पानी के मुख्य स्त्रोत कालख सागर बांध सागर, छापरवाडा बांध व जमवारामगढ़ बांधों को शिथिल पड़ी पूर्वी राजस्थान नहर योजना को आगे बढ़ाते हुए इन बांधो को भरवाने का प्रयास किया जाएगा। समारोह में एसडीएम भूपेंद्र सिंह यादव ,वीडियो मोजमाबाद राजेश्वरी यादव ,सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा ,नायब तहसीलदार उम्मीदसिंह शेखावत , सीबीईओ मोजमाबाद सुनील कुमार सिंघल, विद्युत विभाग सहायक अभियंता विनोद कुमावत बी सी एमएचओ स्यामसुंदर दायमा, जीएसएस अध्यक्ष लालचंद जांगू ,पी डब्लू डी एक्सईएन आर के शर्मा ,सहायक अभियंता विजेंद्र परेवा ,पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर, गोपाल साँखला ,पूर्व एमपीएस नारायण लाल रेगर भेरूलाल चौधरी ,ओमप्रकाश कुमावत आदि मौजूद रहे।

विधायक रात्रि चौपाल में आमजन से रूबरू हुए

चौमू/कालाडेरा, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ जनाक्रोश यात्रा को लेकर वार्ड नंबर 6 अहिरो की ढाणी में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। विधायक रामलाल शर्मा ने रात्रि चौपाल में शिरकत करते हुए आमजन से रूबरू हुए।

विधायक रामलाल शर्मा का वार्ड वासियों ने माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कुशासन से आज आमजनता दुखी और पीड़ित है। पिछले 4 वर्षों में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हुए हैं कि आज सरेआम हत्या, डकैती, चोरी, लूटपाट आदि घटनाये आम बात हो चुकी है।

साथ ही उन्होंने आमजन से 8 जनवरी रविवार को दोपहर 12 बजे पुराना बस स्टैंड गोविन्दगढ़ में आयोजित होने वाली जन आक्रोश सभा में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आव्हान भी किया।

देवनारायण छात्रावास शैक्षिक उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा: परसादी

लालसोट, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने उपखंड मुख्यालय पर राजकीय देवनारायण बालक छात्रावास के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह देवनारायण छात्रावास गुर्जर वर्ग के छात्रों के शिक्षा में उत्थान को लेकर बहु उपयोगी एवं मील का पत्थर साबित होगा।

चिकित्सा मंत्री मीणा द्वारा नए साल के दूसरे दिन क्षेत्र में देवनारायण छात्रावास एवं विभिन्न जगहों पर सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। मंत्री मीणा ने देवनारायण छात्रावास शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खासकर गुर्जर समुदाय के छात्रों के लिए इस छात्रावास की भूमिका उनके उन्नयन के क्षेत्र में अहम रहेगी। प्रदेश स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र एवं प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गुर्जर समुदाय सहित एमबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं की बेहतर पढ़ाई लिखाई के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन को आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि इस छात्रावास से छात्रों को शिक्षा संबंधी बड़ा फायदा मिलेगा। कार्यक्रम को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश राडा पूर्व पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सरपंच ईश्वर लाल मीणा, सरपंच लादूराम गुर्जर प्रदुमन सिंह, घीसी देवी पंचायत समिति सदस्य प्रेम देवी गुर्जर बीना बैरवा पार्षद विजय गुर्जर इरफान खान जीतु बिनोरी सहित कई ग्राम पंचायतों के सरपंच जनप्रतिनिधि व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

लालसोट उपखंड मुख्यालय पर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने देवनारायण बालक छात्रावास का शिलान्यास किया।

■ सड़क निर्माण का भी शिलान्यास किया

■ 'छात्रावास से छात्रों को शिक्षा संबंधी बड़ा फायदा मिलेगा'

लाम्बा ने गांवों में युवा संवाद किया

अलवर, (निसं)। राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष व राज्यमंत्री सीताराम लाम्बा सोमवार को अलवर दौरे पर रहे। इस दौरान लाम्बा अलवर सर्किट हाउस में पत्राकारों से रूबरू हुए व ग्राम पंचायत शेरपुर, दशगांव, हाजीपुर, नौगांवा में युवा संवाद कार्यक्रमों में शामिल होकर प्रदेश के आगामी बजट को लेकर युवाओं से सीधा संवाद कर उनकी राय जानी।

सीताराम लाम्बा ने पत्राकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश का आगामी बजट युवा केंद्रित होगा जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने की है। इसी कडी में उन्होंने अलवर जिले के युवाओं की रायशुमारी की है।

प्रदेश के युवाओं की समस्याओं को जानने व किस तरह का बजट युवा चाहते हैं इसको लेकर पिछले दिनों प्रदेश के सभी संभागों व अनेकों विश्वविद्याल में जाकर युवा संवाद कार्यक्रम के जरिए हजारों युवाओं की आवाज को सुना।

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/5052 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-02.01.2023

श्री नरेश कुमार अग्रवाल पुत्र श्री प्रहलाद अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 21 खण्डेला बाजार श्रीमाधोपुर तहसील श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

जिले सहित नगर का नाम	वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम	पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं.	उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में)
नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर)	वर्तमान वार्ड नं.21 खण्डेला बाजार श्रीमाधोपुर	चर्तुसीमाऐ निम्न प्रकार से हैं पूर्व दिशा मे राजेरिया का मकान, पश्चिम दिशा मे खण्डेला बाजार मैन रोड, उत्तर दिशा मे नरोत्तम अग्रवाल की दुकान व दक्षिण दिशा मे बनवारी लाल सेवदा की दुकान अवस्थित है।	दुकान व्यवसायिक प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 34 फुट व उत्तर से दक्षिण 14.2 फुट कुल क्षेत्रफल 53.26 वर्गगज या 44.22 वर्गमीटर है।

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 02.01.2023 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/5055 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-02.01.2023

श्री नरोत्तम कुमार अग्रवाल पुत्र श्री प्रहलाद अग्रवाल निवासी वार्ड नं. 21 खण्डेला बाजार श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगरपालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|